# पर्यावरण के अनुकूल होगा औद्योगिक विकास

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : पर्यावरण के अनुकूल राज्य के औद्योगिक विकास को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (सीईएल) के बीच करार हुआ। यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी और सीईएल के अध्यक्ष चेतन प्रकाश जैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों की छतों और भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए सौर स्ट्रीट लाइटिंग, हाइब्रिड सिस्टम और ऊर्जा भंडारण की तकनीकों का विकास होगा।

- यूपीसीडा व सीईएल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित
- सौर ऊर्जा व ईवी-चार्जिंग के क्षेत्र में सीईएल करेगा सहयोग




लखनऊ में शुक्रवार को यूपीसीडा और सीईएल के बीच हुए समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान करते यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर महेश्वरी व सीईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक चेतन प्रकाश जैन • यूपीसीडा

सीईओ यूपीसीडा ने बताया कि करार के अनुसार स्मार्ट सर्विलांस (सीसीटीवी), एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और केंद्रीकृत मानिटरिंग डैशबोर्ड से औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित और हाईटेक बनाया जाएगा। वाई-फाई जोन, आइओटी आधारित एसेट ट्रैकिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीक भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में ई-व्हीकल चार्जिंग केंद्र स्थापित जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में सिविल, यांत्रिक और बिजली आपूर्ति के ढांचे का आधुनिकीकरण किया जाएगा। सीईएल के सहयोग से हरित और स्मार्ट औद्योगिक विकास के लिए नीति तैयार करने संबंधी सुझाव भी दिए जाएंगे। यह साझेदारी उत्तर प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल, तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक हब विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीईएल विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में मदद करेगी।